# दिल्ली को एलजी से मुक्त कराऊंगा : केजरीवाल

## सीएम ने मुफ्त सेवाओं के जरिए जनता का साथ पाने का किया दावा

**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर. दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रविवार को आयोजित जनता की अदालत में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि वह दिल्ली को उपराज्यपाल के शासन से मुक्त कराने और इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.**

कार्यक्रम में केजरीवाल ने भाजपा सरकार के कार्यों की कड़ी आलोचना की. उन्होंने कहा, आज देश में जो बदलाव हो रहे हैं, उसमें दिल्ली का योगदान अनमोल है. भाजपा कहती है कि मैं मुफ्त की रेवड़ी दे रहा हूं, लेकिन मैं आज सभी को रेवड़ी का पैकेट देने जा रहा हूं. इसमें फ्री बिजली, पानी, महिलाओं का फ्री सफर, और हर माह 1,000 रुपये की सहायता शामिल है.

केजरीवाल ने भाजपा के सीनियर नेता के एक ट्वीट का जिक्र करते हुए उनकी भाषा शैली पर सवाल उठाया और कहा, हम राजनीति में ईमानदारी से काम कर रहे हैं. मैंने कभी अपने रिश्तेदार को टिकट नहीं दिया और न ही अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया. मैं जनता के बीच सीना चौड़ा करके खड़ा हूं क्योंकि मैंने ईमानदारी से चुनाव लड़ा है. कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार महंगाई,



बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई है. उन्होंने स्पष्ट किया, दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं. अब भाजपा वालों को ये समझना होगा कि हरियाणा में 10 साल तक उनकी सरकार रही, लेकिन वहां की जनता को क्या मिला? केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब वह चार महीने जेल में थे, क्या उन्हें इंसुलिन बंद करने का डर था?

### डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट

जनता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता का प्यार, समर्थन और विश्वास ही मेरी ईमानदारी का प्रमाण बनेगा. दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब डबल लूट है. यूपी में पिछले सात साल से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन फेल है. अरविंद केजरीवाल ने कहा, इनकी (भाजपा) 22 राज्यों में सरकारें हैं. आप इनसे पूछना कि वे एक राज्य बता दें, जहां उन्होंने बिजली फ्री की हो...गुजरात में इनके 30 साल से सरकार है. उन्होंने एक भी स्कूल ठीक नहीं कराया...22 राज्यों में इनकी सरकारें हैं, एक काम ये बता दें जो इन्होंने अच्छा काम किया हो.

उन्होंने कहा, जेल में मेरा इंसुलिन बंद कर दिया गया था, जिससे मेरी सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ा. क्या यही चाहते थे अमित शाह? उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में एलजी का राज है और अगर जनता को मुफ्त दवा, बस सेवा, और अन्य सुविधाएं चाहिए तो एलजी को इन्हें रोकने का अधिकार नहीं होना चाहिए.



## पूर्व सीएम चंपई सोरेन अस्पताल में भर्ती

**रांची,06 अक्टूबर** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि चंपई सोरेन को ब्लड शुगर से संबंधित समस्याओं के कारण शनिवार रात करीब 9 बजे जमशेदपुर के टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था. पूर्व सीएम के एक करीबी सहयोगी ने कहा कि उन्हें ब्लड शुगर कम होने और चक्कर आने की दिक्कतें हो रहीं थीं. वहीं, टाटा मेन हॉस्पिटल के जीएम डॉ. सुधीर राय ने बताया कि सोरेन की हालत स्थिर है और सुधार हो रहा है.

# महाकुंभ का लोगो किया लॉन्च

## सीएम योगी ने बैठक में की तैयारियों की समीक्षा

**प्रयागराज, 06 अक्टूबर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज पहुंच गए. महाकुंभ-25 के प्रतीक चिन्ह ( लोगो ) का अनावरण, वेबसाइट और ऐप लांच करेंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीआईपी घाट से स्पेशल बोट द्वारा संगम निरीक्षण के लिए निकल गए. उनके साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह राकेश सचान और नंद गोपाल गुप्ता नंदी हैं. सीएम रविवार को महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे हैं.**

संतों के साथ मुख्यमंत्री योगी ने शुरू की समीक्षा

मंगलाचरण और स्वस्तिवाचन के साथ रविवार को दिन के 11:23 बजे परेड मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ साधु संतों की महाकुंभ मेले



की तैयारी को लेकर बैठक शुरू हो गई. सबसे पहले अफसरों ने स्वागत किया. साथ ही अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारियों और प्रमुख साधु संतों का स्वागत अभिनंदन किया. अखाड़े ने कुंभ मेले की बसावट के साथी बजरी कारण न करने भूमि सुविधाएं बढ़ाने संत भक्त निवास के लिए पिछले कुंभ की तुलना में दोगुना अधिक बजट प्रदान करने का प्रस्ताव रखा.



भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ

भारतीय वायुसेना की 92वीं वर्षगांठ का आयोजन चेन्नई में 72 लड़ाकू जेट और हेलीकॉप्टरों के शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ. 21 साल बाद आयोजित इस शो को देखने के लिए मरीना बीच पर लाखों दर्शकों को आकर्षित किया.

# मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में किया गृहप्रवेश

**रायपुर,06 अक्टूबर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवरात्रि के अवसर पर विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवा रायपुर में नवनिर्मित नए मुख्यमंत्री निवास में गृहप्रवेश किया.**

मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के साथ मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच पूजा-अर्चना की. उन्होंने अपनी माता जसमनी देवी से आशीर्वाद ग्रहण कर गृह प्रवेश किया.



इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका उनकी धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित अनेक विधायक और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे.

# सीएम ने टॉप-10 छात्रों को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर

**देहरादून, 06 अक्टूबर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया.**

इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोवर्धन



सरस्वती विद्या मंदिर में भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों से परिचित कराने और भारतीय संस्कृति के अनुरूप उनको शिक्षित करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है.

विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या मंदिर आज देश के कोने-कोने में हमारे देश के कर्णधारों को संस्कारवान बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं.

# मोदी ने 21वीं सदी भारत को किया साकार

## भजनलाल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का किया उल्लेख

**जयपुर, 06 अक्टूबर ( वार्ता ) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की बात 21वीं सदी भारत के नाम को साकार कर रहे है और आज देश की प्रगति और बदलाव नजर आने लगा है.**

शर्मा शनिवार रात यहां भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से राइजिंग राजस्थान और भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर प्रबुद्धजनों के साथ चर्चा कर रहे थे. उन्होंने राजस्थान के आर्थिक विकास के लिए राइजिंग राजस्थान समिट में सुझाव और सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश को आगे बढ़ाने



वाले सुझाव आमंत्रित है, सरकार इन सुझाव पर कार्य करेगी.

मुख्यमंत्री ने आज देश की प्रगति के साथ देश में हो रहा परिवर्तन साफ देखा जा सकता है फिर चाहे वो आतंकवाद को समाप्त करना हो या देश से गरीबी दूर करने हो या फिर दुनिया में भारत का परचम लहराना हो. प्रदेश के साथ राष्ट्र की मजबूती के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है. ऐसे में सभी को भाजपा के इस सदस्यता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है. उन्होंने भाजपा सदस्यता अभियान को राजनीति का विस्तार नहीं, विकास और राष्ट्रवाद पर आधारित विचारधारा का समर्थन बताते हुए कहा कि आप जैसे प्रबुद्धजन भाजपा से जुड़ेगा तो देश मजबूत होगा.

शर्मा ने कहा कि भाजपा के सदस्य बनकर विकास की इस यात्रा में सहभागी बने. यह उस विचारधारा का समर्थन है जो विकास और राष्ट्रवाद पर आधारित है. भाजपा का कार्य, राष्ट्र का कार्य है. ऐसे में भाजपा के सदस्यता अभियान के साथ ही सभी राइजिंग राजस्थान का भी हिस्सा बनें और अपनी सहभागिताको निभाए. समाज में आप सभी प्रबुद्धजनों की अच्छी छवि है ऐसे में राष्ट्र को शिखर तक पहुंचाने में आपको अपनी भूमिका अदा करनी है. उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत मुंबई और दिल्ली में किए गए रोड शो से 12.5 लाख करोड़ के निवेश के लिए एमओयू किए गए.

### आज का इतिहास

1586 मुगल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया.

1702 मार्लबोरो के नेतृत्व में ब्रिटिश और डच सैनिकों पर कब्जा किया गया.

1708 गुरु गोबिंद सिंह का निधन हुआ.

1840 विल्म द्वितीय नीदरलैंड के राजा बने.

1886 न्यूयॉर्क के लिबर्टी आइलैंड पर खड़ी 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी' का लोकार्पण.

1919 गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित.

1952 रूसी राजनेता, रूस के चौथे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ.

1950 मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की.

# पंजाब सरकार ने राइस मिलरों को दी सहायता

## 5000 टन से अधिक भंडारण वाले शैलर मालिकों को राहत

**चंडीगढ़,, 06 अक्टूबर. पंजाब सरकार ने राइस मिलरों को बड़ी राहत दी है. पांच हजार टन से अधिक भंडारण क्षमता वाले मिलरों को अब पांच प्रतिशत अधिग्रहण लागत के बराबर बैंक गारंटी नहीं देनी होगी. इसी के साथ ही 10 प्रतिशत सीएमआर सिक्योरिटी वापस की जाएगी. अब कस्टम मिलिंग ( सीएमआर ) पर मिलरों को केवल 10 रुपये प्रति टन के हिसाब से भुगतान करना होगा.**

पहले 175 रुपये प्रति टन थी. इसी के साथ ही शैलर मालिक अब रविवार से धान की खरीद करेंगे. मुख्यमंत्री भगवंत मान की



अध्यक्षता में पंजाब राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से तरसेम सैनी, बाल कृष्ण बाली, भारत भूषण, इंद्रजीत समेत 12 सदस्यों ने भाग लिया. सीएम मान ने धान की खरीद प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राइस मिलरों के साथ बैठक कर उनकी लंबित मांगों को पूरा किया है. उन्होंने कहा कि 5 हजार टन से अधिक धान भंडारण की क्षमता वाले मिलरों को अब तक जो 5 प्रतिशत अधिग्रहण लागत के बराबर बैंक गारंटी देनी पड़ती थी.

उसकी जगह अब से मिलर्स से बैंक गारंटी लेने के बजाय, मिल की भूमि के रिकॉर्ड के आधार पर विभाग के पक्ष में लीन किया जाएगा. मिलर्स की 10 प्रतिशत सीएमआर सिक्योरिटी वापस करने पर मिलरों के सहमति बनी है. इसके अलावा मौजूदा मिलों के आवंटन के लिए भौतिक सत्यापन से छूट देने की भी मंजूरी दी है.

# पाकिस्तान में हुआ विस्फोट

## तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए और चार अन्य घायल

**इस्लामाबाद, 06 अक्टूबर ( वार्ता ) पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के कलात क्षेत्र में शनिवार रात एक बम विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गये और चार अन्य घायल हो गये.**

अधिकारियों ने बताया कि कलात शहर के दशत महमूद इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति ने सड़क के किनारे एक विस्फोटक उपकरण लगाया था, जो फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के सदस्यों को ले जा रही एक कार के उसके पास से गुजरते समय फट गया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, शक्तिशाली विस्फोट के परिणामस्वरूप कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये.

विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायलों और मृतकों के शवों को कलात के जिला अस्पताल ले गये. पुलिस अधिकारी ने कहा, विस्फोट के लिए स्थानीय रूप से निर्मित विस्फोटक उपकरण का इस्तेमाल किया गया था. पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट डॉन के अनुसार, अभी तक किसी भी व्यक्ति या संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है.

# बंगलादेश में वर्षाजनित कारणों से सात लोगों की मौत


**ढाका, 06 अक्टूबर ( वार्ता )** बंगलादेश के शेरपुर जिले में जारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है, जिससे कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी है और कई अन्य लापता हैं. मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है. जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य के लिए सेना बुलानी पड़ी है. स्थानीय अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, अब तक बाढ़ के कारण 28 यूनियन तथा शेरपुर के पांच उपजिलों या उप-विभागों में फैले 200 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं, जिससे 150,000 से अधिक लोग पेयजल से वंचित हो गये हैं. जिले की कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है.

# मोदीनॉमिक्स अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 6 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि उनके बासी व्याख्यान जो वही पुरानी बातें दोहराते हैं, देश की अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करने वाली उनकी पूरी तरह विफलताओं को नहीं छिपा सकते.**

उन्होंने कहा, मोदीनॉमिक्स भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप है. उन्होंने घरेलू ऋणग्रस्तता, मूल्य वृद्धि और विनिर्माण क्षेत्र की समस्याओं जैसे मुद्दों को उठाते हुए दावा किया कि मेक इन इंडिया पूरी तरह विफल हो गया है.



उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से 2013-14 से 2022-23 तक घरेलू देनदारियों/ऋणग्रस्तता में 241 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी हुई है. उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में घरेलू ऋण 40 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर है.

### 10 वर्षों में मेक इन इंडिया विफल रहा

खरगे ने कहा, 10 वर्षों में, मेक इन इंडिया शानदार ढंग से विफल रहा है क्योंकि कांग्रेस-यूपीए के दौरान भारत के बढ़ते निर्यात के लाभ को आपकी नीतियों ने छोड़ दिया है. भारत की निर्यात वृद्धि - कांग्रेस-यूपीए- 2004 से 2009 -186.59 प्रतिशत, 2009 से 2014 -94.39 प्रतिशत; भाजपा-एनडीए- 2014-2019 - 21.14 प्रतिशत, 2019-2023 - 56.8 प्रतिशत.

### एक नजर में

## जिनपिंग ने कहा उत्तर कोरिया संग साझेदारी पक्की



**बीजिंग.** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन उत्तर कोरिया के साथ रणनीतिक बातचीत और समन्वय को मजबूत करने, मैत्रीपूर्ण आदानप्रदान और सहयोग को गहरा करने के लिए तैयार है. 'चाइना सेंट्रल' टेलीविजन ने चीन और उत्तर कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन को जिनपिंग का एक बधाई टेलीग्राम उद्धृत करते हुए यह जानकारी दी. उन्होंने कहा, नए युग और नई स्थिति में, राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को एक अवसर के रूप में लेते हुए, चीन उत्तर कोरिया के साथ रणनीतिक बातचीत और समन्वय को मजबूत करने, मैत्रीपूर्ण आदानप्रदान और सहयोग को गहरा करने और चीनउत्तर कोरिया की दोस्ती के बारे में एक नया अध्याय लिखना जारी रखने के लिए तैयार है.

## इजरायली हमले में मृतकों की संख्या 21

**गाजा.** मध्य गाजा पट्टी के दीर अल बलाह शहर में विस्थापित व्यक्तियों के लिए एक मस्जिद पर इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है. समाचार एजेन्सी एएफपी ने बचावकर्मियों के हवाले से यह जानकारी दी. फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी सफ़ा ने पहले 13 लोगों की मौत की सूचना दी थी. इज़रायल रक्षा बलों ने रविवार रात गाजा पट्टी के दीर अल बलाह शहर में इब्न रुश्द स्कूल और शुहादा अलअक्सा मस्जिद पर हमले का दावा किया. इजरायल का कहना है कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास का कमांड सेंटर बना हुआ था.

## ओबामा हैरिस के अभियान में होंगे शामिल

**वाशिंगटन.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा 10 अक्टूबर से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू करेंगे. ओबामा चुनाव के दिन हैरिस को उनके अभियान में मदद करेंगे, उनके भाषणों की योजना प्रमुख राज्यों में बनाई गई है, जिनमें से पहला पेंसिल्वेनिया होगा, हैरिस के अभियान के एक वरिष्ठ सदस्य ने न्यूज एजेन्सी को बताया. इससे पहले, पोलिटिको ने बताया था कि हैरिस के कुछ कर्मचारियों सहित डेमोक्रेट चिंतित थे कि उपराष्ट्रपति पर्याप्त अभियान कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहे थे, जिससे उन्हें चुनाव में नुकसान हो सकता है. अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होगा. डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस करेंगे, और रिपब्लिकन पार्टी का प्रतिनिधित्व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करेंगे.

## नेतन्याहू बोले, मिसाइल हमले का देंगे जवाब

**तेल अवीव.** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के हालिया हमले का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है और वह ऐसा करेगा. नेतन्याहू ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, ईरान ने इतिहास में सबसे बड़े बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में से एक को अंजाम देते हुए हमारे क्षेत्र और हमारे शहरों पर दो बार सैकड़ों मिसाइलें दागीं. दुनिया का कोई भी देश अपने शहरों और नागरिकों पर इस तरह के हमले की अनुमति नहीं देगा और यह बात इज़रायल पर भी लागू होती है.

अमेरिकी चुनाव — कट्टरपंथी-वाम एजेंडे को रोकने की अपील

# ट्रंप ने कहा- कमला हैरिस को हराना जरूरी है

**वॉशिंगटन 06 अक्टूबर अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए एक महीने से भी कम का समय रह गया है. यहां पांच नवंबर को चुनाव होना है. ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस मैदान में हैं.**

रिपब्लिकन उम्मीदवार ने शनिवार को एक बार फिर उसी जगह रैली की, जहां 12 सप्ताह पहले यानी जुलाई में उन पर जानलेवा हमला हुआ था. अपनी सुरक्षा चिंताओं को दरकिनार करते हुए ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया के बटलर



में हजारों समर्थकों को संबोधित कर उनसे अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चुनने को कहा. हजारों की संख्या में भीड़ ने फाइट-फाइट, वोट-वोट के नारे लगाए.

इस दौरान मंच पर पूर्व राष्ट्रपति के साथ उनके रनिंग मेट यानी उपराष्ट्रपति की दौड़ में शामिल जेडी वेंस और दिग्गज कारोबारी एलन मस्क भी नजर आए. 78 साल के ट्रंप ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराने की अपील की. उन्होंने कहा, हमें उनके देश को नष्ट करने वाले शासन, कट्टरपंथी-वाम एजेंडे को हमेशा के लिए रोकना होगा. हम ऐसा नहीं होने दे सकते. इसलिए आपको घरों से बाहर निकलना चाहिए और मतदान करना चाहिए.

रिपब्लिकन उम्मीदवार ने भारतवंशी हैरिस पर तीखा हमला बोला और उन पर सीमा सुरक्षा तथा अर्थव्यवस्था समेत कई मोर्चों पर नाकाम रहने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, हैरिस ने पेंसिल्वेनिया में एक प्राकृतिक गैस के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे ऊर्जा श्रमिक और कीमतें प्रभावित हो रही हैं.

उन्होंने कहा, कमला हैरिस कट्टरपंथी वामपंथी मार्क्सवादी हैं. वह एक ऐसी महिला हैं, जिनका सदन में सम्मान नहीं किया जाता है. सदन में उनकी हंसी उड़ाई गई. किसी को नहीं लगता था कि वह जीत सकती हैं. उन्होंने बाइडन का तख्तापलट किया. आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं, मैं विशेष रूप से बड़ा प्रशंसक नहीं हूं. हमारे बीच बहस हुई और बहस खत्म हो गई.

### बाइडन को लेकर कही ये बात

ट्रंप ने आगे कहा, उन्हें (बाइडन) 1.4 करोड़ वोट मिले. यदि आप लोकतंत्र या एक प्रणाली में विश्वास करते हैं, तो उन्हें 1.4 करोड़ लोगों का साथ मिला. उन्हें (हैरिस को) एक भी वोट नहीं मिला. वह 22 उम्मीदवारों में से पहली थीं और वह कभी आयोवा नहीं पहुंच पाई. उन्होंने आयोवा से पहले ही चुनाव छोड़ दिया और अब वह लड़ रही हैं. यह ठीक है. लेकिन, आप जानते हैं, हमने बाइडन को हराकर 15 करोड़ डालर खर्च किए और जैसे ही वह हार गए और गिनती के लिए बाहर हो गए, उन्होंने कहा, चलो उन्हें बाहर निकाल दें.